# छात्रों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

## 1–छात्र क्या करें:–

• छात्रों हेतु आनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपने प्रमाण पत्र आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र ( आनलाइन जारी), पाठ्यकम की अनिवार्य वार्षिक नान रिफण्डेबिल शुल्क धनराशि ), आधार नम्बर आदि अभिलेख होना आवश्यक है।

• शासकीय, शासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को जिनका प्रवेश निःशुल्क हुआ है उन छात्रों को फीशिप कार्ड पोर्टल से जनरेट कर संस्था में जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त करना अनिवार्य है।

• हाई–स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र में अंकित नाम, पिता का नाम, लिंग एवं जन्म तिथि का उसी तरह आधार कार्ड में भी अंकन होना आवश्यक है।

• नवीन छात्र छात्रवृत्ति पोर्टल पर आधार नम्बर का जनसांख्यिकीय प्रमाणीकरण (Demographic Authentication) (आधार नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि का मिलान) करने के बाद ही छात्र अपने आवेदन पत्र को भरकर आनलाइन टेम्परेरी लाक कर सकेगा ।

• नवीन छात्र डिजीलाकर के माध्यम से ई–के0वाई0सी0 कर आधार नम्बर का जनसांख्यिकीय प्रमाणीकरण (Demographic Authentication) (आधार नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि का मिलान) करने के बाद ही छात्र अपने आवेदन पत्र को भरकर आनलाइन टेम्परेरी लाक कर सकेगा ।

• नवीनीकरण तथा नवीन छात्र अपने मोबाइल नम्बर अंकित कर ओ0टी0पी0 के माध्यम से सत्यापन करेंगे तथा छात्र द्वारा उपयोग किया गया मोबाइल नम्बर एक ही आवेदन पत्र में मान्य होगा।

• आधार नम्बर से सीडेड बैंक खाता एवं एन०पी०सी०आई० में मैपिंग अनिवार्य है। सीडिंग न होने पर छात्र का आवेदन पत्र पूर्ण नहीं हो सकेगा। इस कार्य को सम्बन्धित बैंक शाखा से अनिवार्य रूप से करायें अन्यथा की स्थिति में ट्रांजेक्शन फेल होने की सम्भावना रहेगी। वित्तीय वर्ष–2024–25 में छात्रवृत्ति का भुगतान आधार नम्बर से सीडेड बैंक खाते में ही होगा ।

• छात्र अपने आधार सीडेड बैंक खाते को संचालित रखें, न्यूनतम बैलेन्स बनाये रखें एवं खाते में धनराशि आने की अधिकतम लिमिट न लगी हो तथा हर 03 माह में बैंक खाते में ट्रांजेक्शन अवश्य करें ।

• छात्र अपना खाता इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खोल सकता है क्योकि उक्त बैंक में खाता खोलते ही स्वतः आधार सीड हो जाता है तथा उक्त बैंक में छात्र का ट्रांजेक्शन फेल की सम्भावना नहीं होती है।

• छात्र अपना आवेदन आनलाइन करने के पश्चात एवं टेम्परेरी लाक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण यथा–हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट का रोल नम्बर, जाति/आय प्रमाण–पत्र का क्रमांक एवं आवेदन का क्रमांक, वर्तमान पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम का प्रकार, अनुमोदित वार्षिक शुल्क की धनराशि, आवेदन पत्र में अंकित की गयी कैटेगरी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग) आदि का किया गया अंकन सावधानीपूर्वक जांच लें ।

• सभी छात्र अपना आवेदन पत्र स्वयं भरें। आनलाइन आवेदन पत्र के लिये पासवर्ड स्वयं सृजित करें। छात्र यदि साइबर कैफे/संस्था से आवेदन कर रहे हैं तो अपने सामने ही सभी प्रविष्टियों को आवेदन पत्र में भरवायें एवं जांच का

प्रिन्ट लेकर स्वयं समस्त प्रविष्टियों की जांच कर लें तथा यदि कोई त्रुटि है तो उसको सुधार करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र को आनलाइन सबमिट करें ।

• आवेदन पत्र सबमिट करने के उपरान्त तीन दिन बाद संस्था हेतु फाइनल प्रिन्ट ले सकेंगे, यदि आवेदन पत्र में जाति/आय/निवास प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं आवेदन क्रमांक, आय तथा हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के रोल नम्बर में कोई त्रुटि होगी तो उसे इन तीन दिनों में आपकी लागिन पर प्रदर्शित किया जायेगा। सही करने के उपरान्त (हाईस्कूल रोल नम्बर को छोड़कर) ही आवेदन पत्र शिक्षण संस्थान को सबमिट (Submit) करने हेतु फाइनल प्रिन्ट लें एवं संस्थान से आवेदन पत्र जमा करने की पावती अवश्य लें।

• पाठ्यक्रम की अनिवार्य वार्षिक शुल्क (Non Refundable fee) के कालम में शिक्षण संस्थान से जानकारी करने के बाद ही **वास्तविक फीस की धनराशि** अंकित करें।

• छात्र प्रथम वर्ष में धनराशि न मिलने पर भी पूर्व आवेदन पत्र का अगली कक्षा में नवीनीकरण ही करें, न कि नवीन आवेदन पत्र भरें। छात्रों को नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र की कुछ अनिवार्य प्रविष्टियों को ही भरना है।

• सभी निजी क्षेत्र के संस्थानों में पाठ्यक्रम का प्रकार स्ववित्त पोषित ही रहेगा। शासकीय (GOVT) एवं शासकीय सहायता प्राप्त (GOVT AIDED) संस्थानों में पाठ्यकम, पाठ्यक्रम के प्रकार (नियमित (Regular)/स्ववित्त पोषित (SELF FINANCE) व पाठ्यकम के वर्ष का अंकन सही–सही ध्यानपूर्वक करें।

• छात्र/छात्रायें स्वयं का ई०–मेल आई०डी० व आधार नम्बर से लिंक स्वयं का मोबाइल नम्बर ही दें ।

• वर्तमान सत्र हेतु प्रचलित नियमावली, समय सारिणी, प्रदर्शित सूचनायें एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु https://scholarship.up.gov.in पर समय–समय पर सर्च करें एवं वेबसाइट पर निरन्तर प्रदर्शित हो रहे आवश्यक निर्देशों का भली–भांति पालन करें एवं समय सारिणी में दी गयी समयावधि का उल्लंघन कदापि न करें।

• छात्र अपने आवेदन की स्थिति अपने लागिन एवं पासवर्ड के माध्यम से स्वयं देख सकते हैं। छात्रवृत्ति आवेदन संस्था द्वारा अग्रसारित करने/रिजेक्ट होने पर छात्र के मोबाइल पर एस०एम०एस०(SMS) भी जायेगा। संस्थान द्वारा आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि में अग्रसारित होना आवश्यक है।

## 2–छात्र क्या न करें।

• शिक्षण संस्था में जमा करने के लिये आवेदन पत्र किसी अन्य व्यक्ति को न सौंपे। शिक्षण संस्थान में स्वयं जमा करें एवं पावती रसीद अवश्य प्राप्त कर लें।

• किसी दूसरे आवेदन पत्र में उपयोग किये गये मोबाइल नम्बर का पुनः प्रयोग करने पर छात्र का फाइनल प्रिन्ट मान्य नहीं होगा।

• अपने व्यक्तिगत विवरण/अभिलेख यथा–आधार नम्बर, हाईस्कूल का अनुक्रमांक व बैंक खाता संख्या तथा आवेदन हेतु सृजित पासवर्ड एवं अन्य कोई भी डाटा अथवा अभिलेख किसी से भी साझा (Share) न करें ।

• आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें ।

• अनुत्तीर्ण (Fail) छात्र किसी भी दशा में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें ।

• शिक्षण संस्थान में जमा करने हेतु आवेदन पत्र का फाइनल प्रिन्ट आउट बिना निकाले आवेदन पत्र भरा हुआ नहीं माना जायेगा। समय सारिणी में निर्धारित समयावधि में संशोधन करने के उपरान्त भी संस्थान में जमा करने हेतु

संशोधित फाइनल प्रिन्ट निकाल कर संस्था में जमा करने एवं संस्था द्वारा अग्रसारित करने के उपरान्त ही संशोधित आवेदन पत्र मान्य होगा।

- छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रविष्टियां भरने पर पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का ही होगा एवं आवेदन पत्र निरस्त हो जायेगा तथा छात्रवृत्ति अनुमन्य नहीं होगी। यदि छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन करते समय किसी अन्य छात्र/छात्रा का आधार नम्बर, हाई स्कूल रोल नम्बर, बैंक खाता, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र तथा कोई अन्य अभिलेख प्रयोग किया हुआ पाया जाता है तो छात्र एवं संस्था के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
- यदि छात्र का डाटा सन्देहास्पद श्रेणी में आ जाता है तो सन्देह के कारण का उत्तर साक्ष्यों सहित अपनी संस्था के माध्यम से आनलाइन देना होगा। जनपद स्तरीय अधिकारियों (जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी) को संस्थान के माध्यम से छात्रवृत्ति वेबसाइट पर प्रदर्शित निर्धारित समयावधि में आनलाइन उपलब्ध न कराये जाने पर अथवा दिये गये उत्तर/अभिलेखों से छात्र के सही होने के दावे की पुष्टि नहीं होने पर जनपदीय अधिकारियों द्वारा जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति से निर्णय प्राप्त करते हुये डाटा डिजिटल हस्ताक्षर से अस्वीकृत (REJECT) कर दिया जायेगा।
- छात्रवृत्ति सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिये कान्टेक्ट सेन्टर के दूरभाष संख्या 0522-3538700 (प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक अवकाश के दिनों को छोड़कर) पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

निदेशक
समाज कल्याण
उत्तर प्रदेश।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर
Rajkiya Engineering College, Bijnor
An Institute of Government of Uttar Pradesh
(AICTE APPROVED)
Jaleelpur Road, Near Eidgah, Chandpur, Distt- Bijnor, Uttar Pradesh, India -246725.
Website : www.recb.ac.in
Ph: 01345-221301
Fax 01345-221302

पत्रांकः–रा0इं0का0 / छा0प्र0 / 2024–25 / 127 दिनाँकः 02.09.2024

## ::–अति महत्वपूर्ण सूचना–::

सत्र 2024–25 हेतु संस्थान में प्रवेशित छात्रवृत्ति हेतु पात्र छात्र–छात्राओं का छात्रवृत्ति / शुल्कप्रतिपूर्ति हेतु आवेदन फॉर्म आन लाइन माध्यम से भरा जाना है। समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 के बेवसाइट www.scholarship.up.nic.in पर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन करने के उपरांत उसका अस्थाई / कच्चा प्रिन्ट ले कर छात्रवृत्ति समिति के सदस्यों से जांचोपरांत आवेदन सही पाये जाने के बाद फाइनल समिट करें एवं फाइनल समिट का प्रिन्ट लेकर समस्त संलग्नकों सहित हॉर्ड कॉपी को जमा किया जाना एवं सॉफ्ट कॉपी (पी0डी0एफ0 फाइल अधिकतम् 2 एम0बी0) छात्रवृत्ति के ई–मेल scholarshipcell@recb.ac.in पर अपने सम्पूर्ण विवरण के साथ भेजना अनिवार्य है। छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन के निम्नलिखित संलग्नों का विवरण निम्नवत् है–

1. हाई स्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. बी0टेक गतवर्ष / सेमेस्टर की अंकतालिका की छायाप्रति।
4. आय प्रमाण–पत्र (03 वर्ष मान्य) की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति।
5. जाति प्रमाण–पत्र (03 वर्ष मान्य) की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति। (आरक्षित वर्ग के लिए अनिवार्य)।
6. निवास प्रमाण–पत्र (03 वर्ष मान्य) की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति।
7. छात्र / छात्रा की संस्थान के बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा चान्दपुर, बिजनौर में खोले गये खाते के पासबुक की छायाप्रति जिस पर छात्र / छात्रा का नाम, खाता संख्या एवं **IFSC** कोड अंकित हो। अपनी बैंक शाखा में **KYC (Know Your Customer), Aadhaar Seeded and NPCI Mapped** करवाना अति आवश्यक है।
8. छात्र / छात्रा एवं उनके माता पिता के आधार कॉर्ड एवं पेन कॉर्ड की छायाप्रति।
9. संस्था में जमा किये गये शिक्षण शुल्क रसीद का छायाप्रति।
10. यदि छात्र / छात्रा छात्रावास में आवासित है तो छात्रावास की जमा की गई शुल्क की रसीद।
11. यदि दो कक्षाओं के बीच गेप हो तो इस आशय का रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र की छात्र / छात्रा के आवेदन पत्र के साथ संलग्न आय प्रमाण पत्र में दर्शायी गई आय एवं शासन के नियमावली से सम्बन्धित नोटरी करा कर संलग्न करें।
12. छात्र / छात्र एवं उनके माता पिता / अभिभावक के द्वारा रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी करा कर संलग्न करें।
13. संस्थान द्वारा निर्गत पहचान पत्र की छायाप्रति।
14. पाठ्यक्रम के कक्षाओं में न्यूनतम् **75 प्रतिशत** उपस्थिति विभागाध्यक्ष / अधिष्ठाता शैक्षिक के द्वारा अग्रसारित है।
15. IIT JEE Main result/Score Card की छायाप्रति।
16. AKUT Lucknow का Counselling Letter की छायाप्रति।
17. Seat Allotment Letter की छायाप्रति।
18. दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्कप्रतिपूर्ति ऑनलाइन आवेदन अग्रसारित किये जाने हेतु (पात्र / अपात्र).............है।

**शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन में केवल नॉन रिफण्डेबल शुल्क भरा जाना अनिवार्य है।**

| नॉन रिफण्डेबल शुल्क | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रथम वर्ष** | **द्वितीय वर्ष (लेटरल इंट्री)** | **द्वितीय वर्ष** | **तृतीय वर्ष** | **चतुर्थ वर्ष** |
| ₹ 55045/- | ₹ 55045/- | ₹ 54045/- | ₹ 54045/- | ₹ 54545/- |

नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
राजकीय इंजी0 कालेज बिजनौर

Scanned with OKEN Scanner

# छात्रवृत्ति आवदेन 2024–25 समय सारणी:–

| क्र0 सं0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | समायावधि |
|---|---|---|
| 1. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन नवीन आवेदन तथा नवीनीकरण किया जाना। | प्रारम्भ 12 जुलाई, 2024 अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2024 तक। |
| 2. | छात्र/छात्राओं के द्वारा किये गये ऑन लाइन आवेदन फाइनल सब्मिशन किया जाना है। | 13 अक्टूबर, 2024 तक। |
| 3. | ऑन लाइन आवेदन पत्र की हॉर्ड एण्ड सॉफ्ट कॉपी छात्र/छात्राओं के द्वारा वांछित संलग्नकों सहित संस्थान में जमा किया जाना। | 17 अक्टूबर, 2024 तक। |
| 4. | छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र को संस्थान में ऑन लाइन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना। | 20 अक्टूबर, 2024 तक। |

नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
राजकीय इंजी० कालेज बिजनौर

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर
Rajkiya Engineering College, Bijnor
An Institute of Government of Uttar Pradesh
(AICTE APPROVED)
Jaleelpur Road, Near Eidgah, Chandpur, Distt- Bijnor, Uttar Pradesh, India -246725.
Website : www.recb.ac.in
Ph: 01345-221301
Fax 01345-221302

पत्रांकःरा0इं0का0/कुस0का0/छा0शु0प्र0/2024/1848 दिनाँकः 12/09/2024

## —:: कार्यालय—ज्ञाप ::—

सत्र 2024—25 में छात्रवृत्ति हेतु के पात्र (सामान्य वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग) के छात्र—छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिनके माता/पिता/अभिभावक की वार्षिक आय ₹ 2.00 लाख से कम है एवं अनुसूचित जाति/अनुसमचित जनजाति के छात्र—छात्राओं के माता/पिता/अभिभावक की वार्षिक आय ₹ 2.50 लाख से कम है। उन छात्र—छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु छात्रवृत्ति का फॉर्म वेबसाइट scholarship.up.gov.in पर दिनाँकः 10 अक्टूबर, 2024 तक आवेदन करना सुनिश्चित करें। तदपश्चात फॉर्म को अंतिम प्रिन्ट करने से पहले अस्थाई/कच्चा प्रिन्ट लेकर अपने—अपने वर्ष की समिति के सदस्यों से जांच कराने के उपरांत आवेदन—पत्र/फॉर्म फाइलन सबमिट करके अंतिम प्रिन्ट करें।

**वर्षवार छात्रवृत्ति अस्थाई/कच्चा प्रिन्ट एवं अभिलेख जांच हेतु समिति—**

1. इं0 संतोष कुमार (सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग) **प्रथम वर्ष (समस्त वर्ग)**
2. डॉ0 मोहम्मद अहमद (विद्युत अभियंत्रण विभाग) **प्रथम वर्ष (समस्त वर्ग)**
3. डॉ0 हेमन्त कुमार (प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग) **द्वितीय वर्ष (समस्त वर्ग)**
4. डॉ0 सूबिया अम्बरीन (प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग) **तृतीय वर्ष (समस्त वर्ग)**
5. इं सुनील कुमार (विद्युत अभियंत्रण विभाग) **चतुर्थ वर्ष (समस्त वर्ग)**

**स्थाई /अंतिम/फाइनल सबमिशन प्रिन्ट आउट के साथ समस्त अभिलेखों एवं उपस्थिति जांचोपरांत छात्रवृत्ति अग्रसारित हेतु समिति—**

1. इं0 संतोष कुमार (सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग) **प्रथम वर्ष (समस्त वर्ग)**
2. डॉ0 हेमन्त कुमार (प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग) **द्वितीय वर्ष (समस्त वर्ग)**
3. डॉ0 सूबिया अम्बरीन (प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग) **तृतीय वर्ष (समस्त वर्ग)**
4. इं सुनील कुमार (विद्युत अभियंत्रण विभाग **चतुर्थ वर्ष (समस्त वर्ग)**
5. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य

छात्रवृत्ति आवेदन पत्र (स्थाई /अंतिम/फाइनल सबमिशन) के साथ आवश्यक प्रमाण—पत्रों की छायाप्रति को संलग्न कर 17 अक्टूबर, 2024 तक अधिष्ठाता शैक्षिक कार्यालय में जमा करें,एवं सॉफ्ट कॉपी पी0डी0एफ0 फाइल में बना कर, (साइज 02 एम0बी0 से अधिक न हो) छात्रवृत्ति के ई—मेल scholarshipcell@recb.ac.in पर अपने सम्पूर्ण विवरण के साथ भेजें । अन्यथा विलम्ब की दशा में छात्र—छात्रा स्वंय के जिम्मेवार होगें। वर्ष वार छात्रवृत्ति समिति के सदस्यों से अनुरोध है कि अपने वर्ष के छात्रवृति फॉर्म को ससमय ऑन लाइन अग्रसारित कराने का कष्ट करें।

12/09/24

(नरेश कुमार)
**कुलसचिव**

Naresh Kumar
(Registrar)
Rajkiya Engineering College
Bijnor (U.P.)

**प्रतिलिपिः—**

1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता शैक्षिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. छात्रवृत्ति जांच समिति के सदस्यों को इस आशय से की समस्त अभिलेखों को जांचोपरांत फॉर्म को अग्रसारित करने का कष्ट करें।
5. वेबसाइट प्रभारी को पत्र को वेबसाइट पर अपलोड हेतु प्रेषित।
6. समस्त सूचना पट्ट पर।

(नरेश कुमार)
**कुलसचिव**

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर

**सत्र 2024–25 दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की ऑन लाइन आवेदन को अग्रसारित करने की जाँच सूची।**

1. अभ्यर्थी का नाम.................................................................................................
2. छात्रवृत्ति पंजीकरण संख्या.....................................................................................
3. एकेटीयू अनुक्रमांक..............................................................................................
4. एकेटीयू पंजीकरण संख्या......................................................................................
5. पाठ्यक्रम का नाम..........................ब्रांच..........................................वर्ष......................सेमेस्टर........................
6. क्रियाशील आधार से लिंग मोबाइल नम्बर.......................................................................
7. वैद्य ई–मेल आई0डी0.............................................................................................
8. Admission to the current course is done through entrance examination (JEE Main /CUET) ..........................
9. JEE Main/ CUET /UPSEE Roll No..................................................... Entrance Examination Year ..........................
10. Rank in obtained in entrance examination............................................ obtained Cut-off marks ..........................
11. Last Year Result (2023-24) Pass/Promoted/Fail.............................................................................
12. Last Year in obtained marks (2023-24) .......................................Total marks (2023-24) ..........................
13. Attendance Percentage (2024-25) ...........................................................................

**शैक्षणिक सत्र 2024–25 दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की ऑन लाइन आवेदन पत्र के साथ संलग्न अभिलेख–**

**निर्देशः– छात्र/छात्राएं कृपया जांच सूची के बॉक्स में ✓ या × करें।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की छायाप्रति। | |
| 2 | इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की छायाप्रति। | |
| 3 | बी0टेक गतवर्ष/सेमेस्टर की अंकतालिका की छायाप्रति। | |
| 4 | आय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति। | |
| 5 | जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति। (आरक्षित वर्ग के लिए अनिवार्य)। | |
| 6 | निवास प्रमाण–पत्र (03 वर्ष मान्य) की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन की छायाप्रति। | |
| 7 | छात्र/छात्रा की संस्थान के बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा चान्दपुर, बिजनौर में खोले गये खाते के पासबुक की छायाप्रति जिस पर छात्र/छात्रा का नाम, खाता संख्या एवं **IFSC** कोड अंकित हो। अपनी बैंक शाखा में **KYC (Know Your Customer), Aadhaar Seeded and NPCI Mapped** करवाना अति आवश्यक है। | |
| 8 | छात्र/छात्रा एवं उनके माता पिता के आधार कॉर्ड एवं पेन कॉर्ड की छायाप्रति। | |
| 9 | संस्था में जमा किये गये शिक्षण शुल्क रसीद का छायाप्रति। | |
| 10 | यदि छात्र/छात्रा छात्रावास में आवासित है तो छात्रावास की जमा की गई शुल्क की रसीद। | |
| 11 | यदि दो कक्षाओं के बीच गेप हो तो इस आशय का रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र की छात्र/छात्रा के आवेदन पत्र के साथ संललग्न आय प्रमाण पत्र में दर्शायी गई आय एवं शासन के नियमावली से सम्बन्धित नोटरी करा कर संलग्न करें। | |
| 12 | छात्र/छात्र एवं उनके माता पिता/अभिभावक के द्वारा रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी करा कर संलग्न करें। | |
| 13 | संस्थान द्वारा निर्गत पहचान पत्र की छायाप्रति। | |
| 14 | पाठ्यक्रम के कक्षाओं में न्यूनतम् 75 प्रतिशत उपस्थिति विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता शैक्षिक के द्वारा अग्रसारित है। | |
| 15 | IIT JEE Main result/Score Card की छायाप्रति। | |
| 16 | AKUT Lucknow का Counselling Letter की छायाप्रति। | |
| 17 | Seat Allotment Letter की छायाप्रति। | |
| 18 | दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति ऑनलाइन आवेदन अग्रसारित किये जाने हेतु (पात्र/अपात्र)................हैं। | |

**छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर**

**विभागाध्यक्ष/नामित सदस्य** **छात्रवृत्ति समिति/अतिरिक्त नोडल अधिकारी**

# शपथ–पत्र

# (अभिभावक द्वारा देय शपथ–पत्र)

मैं.............................................................................पुत्र/पुत्री श्री ...........................................................................ग्राम.......................................................................
......मोहल्ला...............................................................................जनपद...................................................का स्थायी निवासी हूँ।

मै शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँः–

1. यह कि मेरा उपरोक्त नाम व पता सही है एवं वर्तमान में मेरा पुत्र/पुत्री (नाम)................................................................................................................**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर (पूर्ववर्ती डॉ0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी)** व ब्रांच...................................................................................वर्ष..........................में अध्ययनरत् हैं।
2. यह कि छात्रवृत्ति आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये प्रमाण–पत्र जैसे–आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र सब वास्तविक हैं। जिसका सत्यापन शासन की बेवसाइट के माध्यम से किया जा सकता हैं।
3. यह है कि मेरा आधार नम्बर.......................................................एवं पेन कॉर्ड नम्बर..................................................है।
4. यह कि छात्रवृत्ति हेतु भरे गये प्रार्थना पत्र में समस्त सूचनाएँ एवं मेरे/अभिभावक के हस्ताक्षर वास्तविक हैं एवं आवेदन पत्र में किसी सूचना को छुपाया नहीं गया हैं।
5. यह कि आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये गये आय प्रमाण–पत्र/वेतन प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त मेरी आय का कोई अन्य स्रोत नहीं हैं एवं मेरी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय....................................हैं।
6. यह कि मेरी जाति...................................तथा उपजाति............................................हैं।
7. यह कि शासन/विश्वविद्यालय के नियमावली अनुसार मेरे पुत्र/पुत्री द्वारा शैक्षिक सत्र की कक्षाओं में एवं बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि ऐसा करने में वह असफल होता/होती है तो वह छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं पाठ्यक्रम की परीक्षा को देने के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।
8. यह कि संस्थान के किसी भी प्रकार के बकाया शुल्क को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर जमा करा दिया जायेगा।
9. यह कि मेरे द्वारा अपने पुत्र/पुत्री द्वारा शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु किये गये आवेदन पत्र को भली भाँति जांच लिया गया है जो कि पूर्ण रूप से सत्य व सही है। यदि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना एवं संलग्नकों या अन्य अभिलेख गलत पाये जाते है/ यदि मेरे पुत्र/पुत्री के द्वारा किसी कारण वश कोर्स/संस्थान को बीच में छोड़ा जाता है/ मेरे पुत्र/पुत्री के द्वारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर/75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर अथवा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरे पुत्र/पुत्री के द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दिया जायेगा, यदि ऐसा करने/कराने में मैं असफल होता हूँ तो विभाग प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे अथवा मेरे पुत्र/पुत्री के विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
10. यह है कि शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत पाठ्यक्रम के अगले सभी शैक्षिक/वित्तीय वर्षो में छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण मेरे पुत्र/पुत्री द्वारा कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा करने में वह असफल होता/होती हैं तो प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दिया जायेगा एवं विभाग मुझे/मेरे पुत्र/पुत्री को प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे अथवा मेरे पुत्र/पुत्री के विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
11. यह है कि मेरे एवं मरे पुत्र/पुत्री के द्वारा समय–समय पर शासन/ जिला प्रशासन/विभाग/विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जायेगा।

उपरोक्त शपथ पत्र की बिन्दु संख्या 1 से 11 तक समस्त जानकारी मेरे निजी संज्ञान में हैं और सही हैं।

दिनाँकः
स्थानः

शपथकर्ता के हस्ताक्षर..........................................
नाम...............................................................
पिता का नाम.....................................................
पता................................................................

(अन्य पिछड़ा वर्ग)

**शपथ–पत्र**

(छात्र / छात्रा द्वारा देय शपथ पत्र)

**समक्षः निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर / जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बिजनौर।**

मैं.......................................................पुत्र / पुत्री श्री.......................................................जो ग्राम.........................................................मोहल्ला..........................................जनपद...........................................का निवासी हूँ। शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता / करती हूँः–

1. यह है कि मैं ग्राम.......................................................मोहल्ला.......................................................
   तहसील.............................................. जिला............................... उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ।
   (सामान्य निवास प्रमाण–पत्र समक्ष प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त संलग्न है।)
2. यह है कि मेरा आधार नम्बर.......................................................एवं पेन कॉर्ड नम्बर.......................................................है।
3. यह कि मेरे माता पिता, विधिक अभिभावक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 **दो लाख** या इससे कम है। (तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र / अभिभावक के नियोक्ता द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र घोषणा पत्र सहित संलग्न है। जो कि बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की बेवसाइट पर उपलब्ध है।)
4. यह कि सम्प्रति मैं.......................................................(छात्र / छात्रा का नाम) शैक्षिक संस्था राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर (**पूववर्ती डॉ0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बिजनौर**) ब्रांच...............................वर्ष...............में छात्र के रूप में अध्ययनरत् हूँ संस्था डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं।
5. यह कि मुझे उक्त विश्वविद्यालय में पंजीयन क्रमांक ....................................................... प्राप्त हो गई है। आवेदन–पत्र में पंजीयन संख्या को पंजीयन के कालम में अंकित कर दिया गया है।
6. मैनें पिछली परीक्षा....................................वर्ष में उत्तीण की हैं। गैप के सम्बन्ध में अलग से शपथ पत्र औचित्य सहित प्रस्तुत है। परीक्षा प्रमाण की प्रति संलग्न हैं।
7. यह कि मुझे कोई दूसरी छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। यदि कोई अन्य छात्रवृत्ति जो इस योजना से अधिक लाभप्रद है।
8. यह है कि मेरे सभी बैंको के खाते आधार से सीडेड / एन0पी0सी0आई0 से मैपड हैं।
9. यह कि मुझे विगत वर्ष में कक्षा.............................पाठ्यक्रम.............................में अध्ययनरत् रहने पर छात्रवृत्ति रूपये...................................एवं शुल्क प्रतिपूर्ति रूपये.......................................................प्राप्त हुई है।
10. यह कि मैनें वर्तमान वर्ष 2024–25 में शुल्क के रूप में रूपये........................................ रसीद संख्या / संख्याएं...................................दिनांक..........................को पाठ्यक्रम.........................................के लिये भुगतान किया हैं।
11. यह कि शासन / विश्वविद्यालय के नियमावली अनुसार मेरे द्वारा शैक्षिक सत्र की कक्षाओं में एवं बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता / होती हूँ तो मैं छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं पाठ्क्रम की परीक्षा को देने के लिए पात्र नहीं होऊंगा / होऊंगी।
12. यह कि संस्थान के किसी भी प्रकार के बकाया शुल्क को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर जमा कर दिया जायेगा।
13. यह कि यदि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना एवं संलग्नकों या अन्य अभिलेख गलत पाये जाते है / यदि मेरे द्वारा किसी कारणवश कोर्स / संस्थान को बीच में छोड़ा जाता / जाती है / मेरे द्वारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर / 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर अथवा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरे द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा / दूंगी। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता / होती हूँ तो विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भॉंति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
14. यह है कि शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत पाठ्यक्रम के अगले सभी शैक्षिक / वित्तीय वर्षो में छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता / होती हूँ तो प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा / दूंगी एवं विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भॉंति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
15. यह है कि मेरे द्वारा समय–समय पर शासन / जिला प्रशासन / विभाग / विश्वविद्यालय / संस्थान से जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जायेगा।
16. यह कि आवेदन करते समय सभी प्रविष्ठियों को पूर्ण रूप से सही भरा गया है और आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेजों को पूर्ण रूप से जांच कर लिया गया है इसके बाद भी भूलवश यदि कोई कमियां रह जाती है तो उसके लिए मैं स्वंय ही जिम्मेदार होऊंगा / होऊंगी। संस्थान किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त शपथ पत्र पर बिन्दु 1 से 16 तक वर्णित सभी तथ्य सही एवं मेरे पूर्ण जानकारी में है इसमें कोई भी तथ्य को छुपाया नही गया हैं।

दिनॉंकः

स्थानः

शपथकर्ता का हस्ताक्षर..........................................

नाम.......................................................

पिता का नाम...........................................

पता.......................................................

(सामान्य वर्ग)

# शपथ–पत्र

(छात्र/छात्रा द्वारा देय शपथ पत्र)

**समक्षः निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर/जिला समाज कल्याण अधिकारी, बिजनौर।**

मैं.........................................पुत्र/पुत्री श्री.........................................जो ग्राम.........................................मोहल्ला........................... ................जनपद.........................................का निवासी हूँ। शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता/करती हूँः–

1. यह है कि मैं ग्राम.........................................मोहल्ला......................................... तहसील.......................................... जिला............................ उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ। (सामान्य निवास प्रमाण–पत्र समक्ष प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त संलग्न है।)
2. यह है कि मेरा आधार नम्बर.........................................एवं पेन कॉर्ड नम्बर.........................................है।
3. यह कि मेरे माता पिता, विधिक अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू0 **दो लाख** या इससे कम है। (तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र/अभिभावक के नियोक्ता द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र घोषणा पत्र सहित संलग्न है। जो कि बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की बेवसाइट पर उपलब्ध है।)
4. यह कि सम्प्रति मैं.........................................(छात्र/छात्रा का नाम) शैक्षिक संस्था राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर (**पूववर्ती डॉ0 भीमराव अग्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बिजनौर**) ब्रांच..............................वर्ष.............. में छात्र के रूप में अध्ययनरत् हूँ संस्था डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं।
5. यह कि मुझे उक्त विश्वविद्यालय में पंजीयन क्रमांक ......................................... प्राप्त हो गई है। आवेदन–पत्र में पंजीयन संख्या को पंजीयन के कालम में अंकित कर दिया गया है।
6. मैनें पिछली परीक्षा...................................वर्ष में उत्तीण की हैं। गैप के सम्बन्ध में अलग से शपथ पत्र औचित्य सहित प्रस्तुत है। परीक्षा प्रमाण की प्रति संलग्न हैं।
7. यह कि मुझे कोई दूसरी छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। यदि कोई अन्य छात्रवृत्ति जो इस योजना से अधिक लाभप्रद है।
8. यह है कि मेरे सभी बैंको के खाते आधार से सीडेड/एन0पी0सी0आई0 से मैपड हैं।
9. यह कि मुझे विगत वर्ष में कक्षा............................पाठ्यक्रम............................में अध्ययनरत् रहने पर छात्रवृत्ति रूपये............................ .........एवं शुल्क प्रतिपूर्ति रूपये.........................................प्राप्त हुई है।
10. यह कि मैनें वर्तमान वर्ष 2024–25 में शुल्क के रूप में रूपये....................................... रसीद संख्या/संख्याएं................................ दिनांक.........................को पाठ्यक्रम.......................................के लिये भुगतान किया हैं।
11. यह कि शासन/विश्वविद्यालय के नियमावली अनुसार मेरे द्वारा शैक्षिक सत्र की कक्षाओं में एवं बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो मैं छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं पाठ्क्रम की परीक्षा को देने के लिए पात्र नहीं होऊंगा/होऊंगी।
12. यह कि संस्थान के किसी भी प्रकार के बकाया शुल्क को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर जमा कर दिया जायेगा।
13. यह कि यदि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना एवं संलग्नकों या अन्य अभिलेख गलत पाये जाते है/ यदि मेरे द्वारा किसी कारणवश कोर्स/संस्थान को बीच में छोड़ा जाता/जाती है/ मेरे द्वारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर/75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर अथवा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरे द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
14. यह है कि शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत पाठ्यक्रम के अगले सभी शैक्षिक/वित्तीय वर्षो में छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी एवं विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
15. यह है कि मेरे द्वारा समय–समय पर शासन/ जिला प्रशासन /विभाग/विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जायेगा।
16. यह कि आवेदन करते समय सभी प्रविष्टियों को पूर्ण रूप से सही भरा गया है और आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेजों को पूर्ण रूप से जांच कर लिया गया है इसके बाद भी भूलवश यदि कोई कमियां रह जाती है तो उसके लिए मैं स्वंय ही जिम्मेदार होऊंगा/होऊंगी। संस्थान किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त शपथ पत्र पर बिन्दु 1 से 16 तक वर्णित सभी तथ्य सही एवं मेरे पूर्ण जानकारी में है इसमें कोई भी तथ्य को छुपाया नही गया हैं।

दिनाँकः

स्थानः

शपथकर्ता का हस्ताक्षर.........................................

नाम.........................................

पिता का नाम.........................................

पता.........................................

**(अल्पसंख्यक वर्ग)**

## शपथ–पत्र

(छात्र/छात्रा द्वारा देय शपथ पत्र)

**समक्षः निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर/जिला अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण अधिकारी, बिजनौर।**

मैं........................................................पुत्र/पुत्री श्री......................................................................जो ग्राम...................................................................मोहल्ला............................ ................जनपद..................................................का निवासी हूँ। शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता/करती हूँ:–

1. यह है कि मैं ग्राम......................................................मोहल्ला.................................................
   तहसील.......................................... जिला............................ उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ।
   (सामान्य निवास प्रमाण–पत्र समक्ष प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त संलग्न है।)
2. यह है कि मेरा आधार नम्बर..........................................................एवं पेन कॉर्ड नम्बर..................................................है।
3. यह कि मेरे माता पिता, विधिक अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू0 **दो लाख** या इससे कम है। (तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र/अभिभावक के नियोक्ता द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र घोषणा पत्र सहित संलग्न है। जो कि बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की बेवसाइट पर उपलब्ध है।)
4. यह कि सम्प्रति मैं................................................................(छात्र/छात्रा का नाम) शैक्षिक संस्था राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर (**पूववर्ती डॉ0 भीमराव अग्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बिजनौर**) ब्रांच................................वर्ष............... में छात्र के रूप में अध्ययनरत् हूँ संस्था डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं।
5. यह कि मुझे उक्त विश्वविद्यालय में पंजीयन क्रमांक ....................................................... प्राप्त हो गई है। आवेदन–पत्र में पंजीयन संख्या को पंजीयन के कालम में अंकित कर दिया गया है।
6. मैनें पिछली परीक्षा....................................वर्ष में उत्तीण की हैं। गैप के सम्बन्ध में अलग से शपथ पत्र औचित्य सहित प्रस्तुत है। परीक्षा प्रमाण की प्रति संलग्न हैं।
7. यह कि मुझे कोई दूसरी छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। यदि कोई अन्य छात्रवृत्ति जो इस योजना से अधिक लाभप्रद है।
8. यह है कि मेरे सभी बैंको के खाते आधार से सीडेड/एन0पी0सी0आई0 से मैपड हैं।
9. यह कि मुझे विगत वर्ष में कक्षा.............................पाठ्यक्रय............................में अध्ययनरत् रहने पर छात्रवृत्ति रूपये........................... .........एवं शुल्क प्रतिपूर्ति रूपये..........................................................प्राप्त हुई है।
10. यह कि मैनें वर्तमान वर्ष 2024–25 में शुल्क के रूप में रूपये......................................... रसीद संख्या/संख्याएं.................................. दिनांक..........................को पाठ्यक्रम.........................................के लिये भुगतान किया हैं।
11. यह कि शासन/विश्वविद्यालय के नियमावली अनुसार मेरे द्वारा शैक्षिक सत्र की कक्षाओं में एवं बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो मैं छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं पाठ्क्रम की परीक्षा को देने के लिए पात्र नहीं होऊंगा/होऊंगी।
12. यह कि संस्थान के किसी भी प्रकार के बकाया शुल्क को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर जमा कर दिया जायेगा।
13. यह कि यदि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना एवं संलग्नकों या अन्य अभिलेख गलत पाये जाते है/ यदि मेरे द्वारा किसी कारणवश कोर्स/संस्थान को बीच में छोड़ा जाता/जाती है/ मेरे द्वारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर/75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर अथवा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरे द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
14. यह है कि शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत पाठ्यक्रम के अगले सभी शैक्षिक/वित्तीय वर्षो में छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी एवं विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
15. यह है कि मेरे द्वारा समय–समय पर शासन/जिला प्रशासन/विभाग/विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जायेगा।
16. यह कि आवेदन करते समय सभी प्रविष्ठियों को पूर्ण रूप से सही भरा गया है और आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेजों को पूर्ण रूप से जांच कर लिया गया है इसके बाद भी भूलवश यदि कोई कमियां रह जाती है तो उसके लिए मैं स्वंय ही जिम्मेदार होऊंगा/होऊंगी। संस्थान किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त शपथ पत्र पर बिन्दु 1 से 16 तक वर्णित सभी तथ्य सही एवं मेरे पूर्ण जानकारी में है इसमें कोई भी तथ्य को छुपाया नही गया हैं।

दिनॉंकः

स्थानः

शपथकर्ता का हस्ताक्षर.........................................

नाम.........................................................................

पिता का नाम............................................................

पता...........................................................................

(अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग)

## शपथ–पत्र

(छात्र/छात्रा द्वारा देय शपथ पत्र)

**समक्षः निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर/जिला समाज कल्याण अधिकारी, बिजनौर।**

मैं.......................................................पुत्र/पुत्री श्री.......................................................जो ग्राम......................................................मोहल्ला............................ ................जनपद...............................................का निवासी हूँ। शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता/करती हूँः–

1. यह है कि मैं ग्राम....................................................मोहल्ला.................................................. तहसील.......................................... जिला................................ उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ। (सामान्य निवास प्रमाण–पत्र समक्ष प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त संलग्न है।)
2. यह है कि मेरा आधार नम्बर........................................................एवं पेन कॉर्ड नम्बर..................................................है।
3. यह कि मेरे माता पिता, विधिक अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू0 **दो लाख पचास हजार** या इससे कम है। (तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र/अभिभावक के नियोक्ता द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र घोषणा पत्र सहित संलग्न है। जो कि बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की बेवसाइट पर उपलब्ध है।)
4. यह कि सम्प्रति मैं...........................................................(छात्र/छात्रा का नाम) शैक्षिक संस्था राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर (**पूववर्ती डॉ0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बिजनौर**) ब्रांच...............................वर्ष............... में छात्र के रूप में अध्ययनरत् हूँ संस्था डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं।
5. यह कि मुझे उक्त विश्वविद्यालय में पंजीयन क्रमांक ....................................................... प्राप्त हो गई है। आवेदन–पत्र में पंजीयन संख्या को पंजीयन के कालम में अंकित कर दिया गया है।
6. मैनें पिछली परीक्षा.....................................वर्ष में उत्तीण की हैं। गैप के सम्बन्ध में अलग से शपथ पत्र औचित्य सहित प्रस्तुत है। परीक्षा प्रमाण की प्रति संलग्न हैं।
7. यह कि मुझे कोई दूसरी छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। यदि कोई अन्य छात्रवृत्ति जो इस योजना से अधिक लाभप्रद है।
8. यह है कि मेरे सभी बैंको के खाते आधार से सीडेड/एन0पी0सी0आई0 से मैपड हैं।
9. यह कि मुझे विगत वर्ष में कक्षा..............................पाठ्यक्रय............................में अध्ययनरत् रहने पर छात्रवृत्ति रूपये............................ .........एवं शुल्क प्रतिपूर्ति रूपये......................................................प्राप्त हुई है।
10. यह कि मैनें वर्तमान वर्ष 2024–25 में शुल्क के रूप में रूपये......................................... रसीद संख्या/संख्याएं................................. दिनांक..........................को पाठ्यक्रम..........................................के लिये भुगतान किया हैं।
11. यह कि शासन/विश्वविद्यालय के नियमावली अनुसार मेरे द्वारा शैक्षिक सत्र की कक्षाओं में एवं बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो मैं छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं पाठ्क्रम की परीक्षा को देने के लिए पात्र नहीं होऊंगा/होऊंगी।
12. यह कि संस्थान के किसी भी प्रकार के बकाया शुल्क को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर जमा कर दिया जायेगा।
13. यह कि यदि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना एवं संलग्नकों या अन्य अभिलेख गलत पाये जाते है/ यदि मेरे द्वारा किसी कारणवश कोर्स/संस्थान को बीच में छोड़ा जाता/जाती है/ मेरे द्वारा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर/75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर अथवा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरे द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
14. यह है कि शासन के नियमावली के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने के उपरांत पाठ्यक्रम के अगले सभी शैक्षिक/वित्तीय वर्षो में छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा करने में मैं असफल होता/होती हूँ तो प्राप्त छात्रवृत्ति (दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की सम्पूर्ण धनराशि **18 प्रतिशत** वार्षिक ब्याज सहित वापस कर दूंगा/दूंगी एवं विभाग मुझे प्राप्त राशि को राजस्व देयों की भाँति वसूली करने व मेरे विरूध्द विधिक कार्यवाही हेतु स्वतन्त्र होगा।
15. यह है कि मेरे द्वारा समय–समय पर शासन/जिला प्रशासन/विभाग/विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जायेगा।
16. यह कि आवेदन करते समय सभी प्रविष्ठियों को पूर्ण रूप से सही भरा गया है और आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेजों को पूर्ण रूप से जांच कर लिया गया है इसके बाद भी भूलवश यदि कोई कमियां रह जाती है तो उसके लिए मैं स्वंय ही जिम्मेदार होऊंगा/होऊंगी। संस्थान किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त शपथ पत्र पर बिन्दु 1 से 16 तक वर्णित सभी तथ्य सही एवं मेरे पूर्ण जानकारी में है इसमें कोई भी तथ्य को छुपाया नही गया हैं।

दिनाँकः

स्थानः

शपथकर्ता का हस्ताक्षर...........................................

नाम...............................................................

पिता का नाम....................................................

पता..................................................................